# नाइट्रस ऑक्साइड: तथ्य

## नाइट्रस ऑक्साइड क्या है?

सामान्यत: 'लाफिंग गैस' के नाम से जानी जाने वाली नाइट्रस ऑक्साइड (nitrous oxide) एक रंगहीन अज्वलनशील गैस है, जिसका उपयोग सामान्यत: निश्चेतना और दर्द से राहत के लिए किया जाता है।

इसे कभी-कभी इनहेलेंट या वोलेटाइल पदार्थ के रूप में भी जाना जाता है।

इनहेलेंट्स केंद्रीय तंत्रिका-तंत्र के आवसादक होते हैं। इसका अर्थ है कि वे मस्तिष्क की गतिविधियों को धीमा करते हैं, विशेषकर श्वास और हृदय को।

## नाइट्रस ऑक्साइड का उपयोग कैसे किया जाता है?

सामान्यत: गैस को गैस के कनस्तरों से भरे गुब्बारों के माध्यम से साँस में अंदर लिया जाता है। यदि गैस को सीधे कैप्सूलों या सिलेंडरों से साँस में अंदर लिया जाए, तो फेफड़ों को गंभीर क्षति पहुँच सकती है।

गैस को साँस में अंदर लेने पर इसका धुआँ रक्तप्रवाह में बहुत जल्दी प्रवेश कर जाता है और कुछ ही सेकंडों के बाद इसके प्रभाव महसूस होने लगते हैं।

नाइट्रस ऑक्साइड को लाफिंग गैस, नाइट्रो, एन2ओ, एनओएस, नैंग्स, व्हिप्पेट, हिप्पी क्रैक, बज़ बम, बलून्स के नामों से भी जाना जाता है।

## नाइट्रस ऑक्साइड के प्रभाव

नाइट्रस ऑक्साइड के प्रभाव निम्नलिखित बातों पर निर्भर करते हैं:

- आपने कितनी मात्रा ली है
- आपका कद, भार
- आपका सामान्य स्वास्थ्य (बी12 की कमी वाले लोगों में खतरा बढ़ जाता है)
- नाइट्रस ऑक्साइड लेने का आपका अनुभव
- क्या इसे अन्य मादक-पदार्थों के साथ लिया जाता है।

### तत्काल प्रभाव

इसके प्रभाव तुरंत महसूस किए जा सकते हैं और ये 2 से 3 मिनटों तक बने रह सकते हैं; कुछ प्रभाव 30 - 40 मिनटों तक बने रह सकते हैं।

शारीरिक प्रभावों में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

- आरंभिक "रश" या "हाई" महसूस करना
- यूफोरिया महसूस करना
- धीरे-धीरे और तेजी से हँसना
- शरीर में सुन्नता होना
- निश्चेतना महसूस करना
- चक्कर आना
- अनियंत्रित रूप से हँसना
- आवाज़ों में विकृतियाँ महसूस करना
- दृष्टि धुंधली होना
- उलझन होना
- चक्कर आना और/या सिर में हल्कापन महसूस करना
- पसीना आना
- असामान्य रूप से थकावट या कमजोरी महसूस करना
- अचानक मृत्यु होना

यदि काफी अधिक मात्रा में नाइट्रस ऑक्साइड साँस में अंदर ली जाती है, तो इससे निम्नलिखित प्रभाव पैदा हो सकते हैं:

- रक्तचाप में गिरावट
- बेहोशी
- चाल में अस्थिरता, ठोकरें खाना
- हृदयाघात
- यदि आपको पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नहीं मिलती है, जिसे हाइपॉक्सिया कहा जाता है, तो नाइट्रस ऑक्साइड को साँस में अंदर लेना घातक हो सकता है।

लंबे समय* तक उपयोग करने के प्रभावों में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

- स्मरण शक्ति में क्षति
- विटामिन बी12 की कमी (दीर्घकालिक कमी से मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी में क्षति होती है)
- अनीमिया
- असंयम
- हाथों या पैरों का सुन्न होना
- हाथों या पैरों में मरोड़ें
- संभावित जन्म-दोष (अगर गर्भावस्था के दौरान ली जाए)
- कमजोर प्रतिरक्षण तंत्र
- प्रजनन तंत्रों में व्यवधान

मनोवैज्ञानिक प्रभावों में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

- अवसाद
- मनोवैज्ञानिक निर्भरता
- मनोविकृति

*सप्ताह में एक से अधिक बार उपयोग

## अत्यधिक मात्रा में सेवन

हालाँकि नाइट्रस ऑक्साइड का अत्यधिक मात्रा में सेवन किए जाने से खतरा कम होता है, परंतु हृदय-रोगों या असामान्य रक्तचाप से ग्रस्त लोगों को ऊँचा खतरा हो सकता है क्योंकि गैस को साँस में अंदर लेने के कारण ऑक्सीजन के स्तर में होने वाली गिरावट हृदय की गति को बढ़ा देती है, जिससे समस्याएँ पैदा हो सकती हैं।

जब बल्बों से इसे साँस में सीधे अंदर लिया जाता है, तो गैस बहुत ही अधिक ठंडी होती है (-40से डिग्री) और इससे नाक, होंठ और गले (मुखर-तारों समेत) में शीतदंश हो सकता है। चूंकि गैस स्थिर दाब में होती है, इसलिए इन कंटेनरों से गैस को सीधे साँस में अंदर लेने पर फेफड़ों के ऊतक कट-फट सकते हैं। नाइट्रस ऑक्साइड को गुब्बारे में छोड़ने से गैस को गर्म होने और इसे साँस में अंदर लेने से पहले इसका दाब सामान्य होने में सहायता मिलती है।

दोषपूर्ण गैस डिस्पेंसरों का उपयोग करने से विस्फोट होने की संभावना के कारण लोग स्वयं को नुकसान भी पहुँचा सकते हैं। क्रैकर (नाइट्रस ऑक्साइड बल्ब/व्हिप्पेट को 'क्रैक' करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला हाथ से संचालित एक उपकरण) के माध्यम से एक-साथ कई गैस कनस्तरों को विमुक्त करने से हाथों में शीतदाह भी हो सकते हैं।

नाइट्रस ऑक्साइड के दुरुपयोग से जुड़े खतरों कम करने के लिए **निम्नलिखित कार्य न करें:**

- अकेले या खतरनाक अथवा अलग-थलग स्थानों में इसका उपयोग करना
- अपने सिर पर प्लास्टिक के थैले रखना या साँस रोकना
- खुली लौ या सिगरेट जैसे ज्वलनशील पदार्थों के पास इसे स्प्रे करना
- शराब पीना या अन्य मादक-पदार्थों का सेवन करना
- साँस में अंदर लेते समय खड़े रहना या नाच करना, क्योंकि आप बेहोश हो सकते/सकती हैं

## अन्य मादक-पदार्थों के साथ संयोजन

नाइट्रस ऑक्साइड को एल्कोहल के साथ मिलाने से दोनों पदार्थों से जुड़े हुए खतरों में वृद्धि भी हो सकती है और इससे दुर्घटनाएँ या मृत्यु होने का खतरा बढ़ सकता है।

नाइट्रस ऑक्साइड और एल्कोहल को मिलाने से निम्नलिखित प्रभाव उत्पन्न हो सकते हैं:

- उलझन होना
- भारीपन या आलस महसूस होना
- एकाग्रता कम होना
- शरीर का नियंत्रण करने की क्षमता में कमी होना।

बेंज़ोडाइज़ेपींस या ओपिएट्स जैसी अन्य अवसादक दवाइयों के साथ लिए जाने पर इसके अत्यधिक प्रभाव उत्पन्न होने की संभावना बढ़ जाती है। नाइट्रस ऑक्साइड का अन्य अवसादकों के साथ उपयोग करने से श्वास-दर और हृदय और रक्त-वाहिकाएँ प्रभावित हो सकती है। दवाइयों को मिलाने से बेहोश होने, दम घुटने, गला अटकने, या उल्टी होने का खतरा भी बढ़ सकता है।

